प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुमाऊँ यात्रा में बना एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड

चर्चा में क्यों?

15 अक्तूबर, 2023 को संस्कृति विभाग की निदेशक बीना भट्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड के कुमाऊँ दौरे के दौरान एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना है। उत्तराखंड संस्कृति विभाग को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन का प्रोविजिनल प्रमाणपत्र भी मिल चुका है।

प्रमुख बिंदु

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुमाऊँ दौरे पर कुमाऊँ के छोलिया और झोड़ा लोक नृत्य के ढोल दमाऊँ लोक वाद्यों के साथ की गई प्रस्तुति को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में जगह मिली है।
- उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में समुद्र सतह से 5338 फीट (1627 मीटर) की ऊँचाई पर 12 अक्तूबर को संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित इस अनोखे आयोजन में प्रदेश के तीन हज़ार लोक कलाकारों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा व लोकगीतों के साथ हिस्सा लिया था।
- पिथौरागढ़ के सुदूरवर्ती अंचलों से छोलिया एवं झोड़ा नृत्य दल के इन कलाकारों की प्रस्तुति से विश्व का ध्यान राज्य की ऐतिहासिक और समृद्धशाली लोक सांस्कृतिक विरासत की ओर गया है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी के दौरान छोलिया एवं झोड़ा नृत्य दलों के लोक कलाकार अपने पारंपरिक परिधानों और आभूषणों से सुसज्जित होकर प्रतिभाग करने पहुँचे थे। इस आयोजन के दौरान पारंपरिक लोक वाद्यों, जैसे- तुन, रणसिंघा लिये कलाकार आकर्षक लग रहे थे।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/a-new-world-record-made-in-prime-minister-narendra-modi-s-visit-to-kumaon